भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 2655**

उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024 (बुधवार)

20 अग्रहायण, 1946 (शक)

**प्रश्न**

**एनईएसआईडीएस**

2655. **श्री बिभु प्रसाद तराईः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) को दो घटकों-सड़क और अन्य सड़क अवसंरचना को पुनर्गठित करने से योजना के समग्र समापन पर कोई प्रभाव पड़ा है; और

(ख) उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना के अंतर्गत पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा और संख्या क्या है?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) को वर्ष 2017-18 में एक नई केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम के रूप में अनुमोदित किया गया था और व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की सिफारिश और सरकार के अनुमोदन के अनुसार सड़क सैक्टर के संबंध में सैक्टोरल ओवरलैप को रोकने के लिए 2022-23 में दो घटकों अर्थात एनईएसआईडीएस (सड़कें) और एनईएसआईडीएस (सड़क अवसंरचना के अलावा) में पुनर्गठित किया गया था।

(ख) 2017-18 से उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम के तहत 31.10.2024 तक 886.14 करोड़ रुपये की कुल 30 परियोजनाएं (एनईएसआईडीएस (ओटीआरआई) के तहत 163.46 करोड़ रुपये की लागत वाली 10 परियोजनाएं और एनईएसआईडीएस (सड़कें) के तहत 722.68 करोड़ रुपये की लागत वाली 20 परियोजनाएं) पूर्ण हो चुकी हैं।

*****